an>

Title: Regarding alleged kidnapping of girl from Agra in Uttar Pradesh.

डॉ. रामशंकर कठेरिया (आगरा) : सभापति महोदय, मैं एक बहुत ही गंभीर विषय पर आप से निवेदन करना चाहता हूं कि दिनांक 24 अप्रैल को एक रचना नाम की लड़की, जो सोलह वर्ष की है और जिसके पिता श्री विजय प्रकाश हैं, जो महोबा से चल कर आगरा में मजदूरी करने आते हैं, उस लड़की को दो-तीन लोग उठा कर ले जाते हैं। उठाने के बाद आज तीन महीने पूरे हो गए हैं, वह लड़की अभी तक मिली नहीं है। इस बीच हम लोग एस.एस.पी. और डी.आई.जी. से मिले हैं। उसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की तो उसमें चार लोग गिरफ्तार हुए। लेकिन उन चारों लोगों ने तब तक उस लड़की को डेढ़ लाख रुपये में बेच दिया जो इस समय भीलवाड़ा के गुजर मुहल्ला, थाना- सदर में एक व्यक्ति के पास है और जहां पुलिस आज भी कार्रवाई नहीं कर रही है।

महोदय, यह गंभीर मामला है। उसके माता-पिता रो-रोकर बुरी स्थिति में हैं। आपको दिख रहा होगा कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था किस प्रकार की है। आज भी वह लड़की बंधक है। वहां पर तीन महीने के अंतर्गत क्या-क्या हुआ होगा, यह आप समझ सकते हैं।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से गृह मंत्री जी, सरकार से मांग करता हूं कि वहां की पुलिस ने अभी तक कार्यवाही नहीं की है। आगरा में जो थाना ताजगंज है, वहां के एसआई ने कहा कि जब उसके पिता रोते हुए डीआईजी से मिलने गए, तो उन्होंने कहा कि डीआईजी इसमें काम करेंगे, हम नहीं करेंगे। इसलिए इसकी जांच हो। भीलवाड़ा में जो लड़की है, गुज़र मोहल्ला में उसका नाम भी है, जिसके घर पर है। लेकिन अभी तक पुलिस ने कार्यवाही नहीं की।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में कहना चाहता हूं कि इस पर तत्काल कार्यवाही हो, उसको न्याय मिले और वह लड़की विजय प्रकाश जी को प्राप्त हो।